हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

(आई0एस0ओ0 9001:2015 प्रमाणित संस्थान)

प्रेषक: सचिव, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी।	सेवा में, सभी प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक।

क्रमांक 233/सी0सै0 दिनांक : 05.01.2023

विषय:–सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) वार्षिक परीक्षा मार्च–2023 के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के राजकीय/गैर राजकीय स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों/गुरुकुल/विद्यापीठों से केन्द्र ऑप्शन (Place Code) भरवाने एवं स्टाफ स्टेटमैंट में शुद्धि बारे।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सभी प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापकों को निम्नानुसार सूचित किया जाता है कि:–

01. सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) वार्षिक परीक्षा मार्च–2023 के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के राजकीय/गैर राजकीय स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों/गुरुकुल/विद्यापीठों से केन्द्र की ऑप्शन दिनांक 05.01.2023 को बाद दोपहर 3.00 बजे से दिनांक 13.01.2023 तक भरवाई जा रही है। सभी ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालय निर्धारित तिथि तक विद्यालय की लॉगिन आई.डी.(Login ID) से केन्द्र की ऑप्शन (Place Code) भरना सुनिश्चित करें। यदि कोई विद्यालय उक्त निर्धारित तिथियों में केन्द्र ऑप्शन नहीं भरता है, तो ऐसी अवस्था में बोर्ड कार्यालय द्वारा स्वंय नीति अनुसार परीक्षा केन्द्र जारी कर दिया जाएगा, जिसके लिए विद्यालय स्वंय जिम्मेवार होगा तथा पुनः केन्द्र ऑप्शन भरने की अनुमति बारे दिए गए किसी भी प्रतिवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
02. विद्यालयों द्वारा भरी गई स्टाफ स्टेटमैंट में यदि कोई अध्यापक, प्राध्यापक व प्रधानाचार्य किसी प्रकार के अवकाश (CCL,Medical,Privilege,Earned leave & Any other leave) पर हो या सेवानिवृत हो चुके हों, स्थानान्तण हो चुके हों, मोबाईल नम्बर में कोई अशुद्धि हो या अन्य कोई कारण है तो उसे भी दिनांक 13.01.2023 तक अपडेट करना सुनिश्चित करें।

अतः सभी प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक उपरोक्त वर्णित बिन्दूओं अनुसार समय रहते कार्रवाई करना सुनिश्चित करें इसके उपरान्त किसी भी प्रतिवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

भवदीय,

सहायक सचिव(सी0सैकेण्डरी)
कृत्ते : सचिव